Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 2 | पदार्थों का अन्वेषण: अम्लीय, क्षारीय एवं उदासीन

QUIZ PART-01

1. **लिटमस किस रुप में प्रयोग किया जाता है?**
   A. खाद्य पदार्थ के रूप में
   B. अम्ल-क्षार सूचक के रुप में
   C. ईंधन के रुप में
   D. धातु के रुप में (B)

*व्याख्या:* लिटमस का उपयोग पदार्थों की अम्लीय या क्षारीय प्रकृति पहचानने के लिए सूचक के रूप में किया जाता है।

2. **नीला लिटमस अम्लीय पदार्थ में क्या हो जाता है?**
   A. पीला
   B. हरा
   C. लाल
   D. सफेद (C)

*व्याख्या:* अम्लीय पदार्थ नीले लिटमस को लाल कर देते हैं।

3. **लाल लिटमस क्षारीय पदार्थ में क्या हो जाता है?**
   A. नीला
   B. लाल ही रहता है
   C. काला
   D. गुलाबी (A)

*व्याख्या:* क्षारीय पदार्थ लाल लिटमस को नीला कर देते हैं।

4. **सिरका लिटमस पर कैसा प्रभाव डालता है?**
   A. लाल लिटमस को नीला करता है
   B. नीले लिटमस को लाल करता है
   C. दोनों लिटमस को हरा करता है
   D. कोई प्रभाव नहीं डालता (B)

*व्याख्या:* सिरका अम्लीय होता है, इसलिए यह नीले लिटमस को लाल कर देता है।

5. **सूचक किसे कहते हैं?**
   A. जो तापमान बढ़ाता है
   B. जो अम्ल और क्षार की उपस्थिति में रंग या गंध बदलता है
   C. जो पानी को उबालता है
   D. जो पदार्थ को भारी बनाता है (B)

*व्याख्या:* सूचक वह पदार्थ है जो अम्ल या क्षार की उपस्थिति में अपना रंग या गंध बदलता है।

6. **नींबू का रस किस प्रकृति का होता है?**
   A. अम्लीय
   B. क्षारीय
   C. उदासीन
   D. धात्विक (A)

*व्याख्या:* नींबू के रस में अम्ल होता है, इसलिए यह अम्लीय प्रकृति का होता है।

7. **साबुन का घोल किस प्रकृति का होता है?**
   A. अम्लीय
   B. क्षारीय
   C. उदासीन
   D. मीठा (B)

*व्याख्या:* साबुन का घोल क्षारीय प्रकृति का होता है।

8. **नमक का घोल सामान्यतः किस प्रकृति का माना गया है?**
   A. अम्लीय
   B. क्षारीय
   C. उदासीन
   D. तीखा (C)

*व्याख्या:* नमक का घोल उदासीन पदार्थों के समूह में रखा गया है।

9. **लिटमस परीक्षण में किन रंगों के लिटमस पत्र प्रयोग किए जाते हैं?**
   A. लाल और पीले
   B. नीले और लाल
   C. हरे और सफेद
   D. काले और नीले (B)

*व्याख्या:* लिटमस परीक्षण में लाल और नीले लिटमस पत्र का उपयोग किया जाता है।

10. **यदि कोई पदार्थ लाल और नीले दोनों लिटमस का रंग नहीं बदलता, तो वह कैसा हो सकता है?**
   A. उदासीन
   B. केवल अम्लीय
   C. केवल क्षारीय
   D. अत्यधिक गर्म (A)

*व्याख्या:* उदासीन पदार्थ सामान्यतः लाल और नीले लिटमस के रंग में परिवर्तन नहीं करते।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App